### खबर संक्षेप

## माइंड्स आई इंटर नेशनल हाई स्कूल में रही गरबा फेस्ट की धूम



शहडोल। माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल में सोमवार को गरबा फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में रंगारंग प्रस्तुति दी। स्कूल परिसर गरबा की धुनों और उत्साहपूर्ण तालियों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य में बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी ऊर्जा तथा उत्साह से माहौल को जीवंत कर दिया। शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी बच्चों के साथ गरबा के आनंद का अनुभव किया और उत्सव की रंगीन छटा में सभी सराबोर हो गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और उत्सवों के महत्व को समझाना था। विद्यालय परिवार ने गरबा फेस्ट के माध्यम से आपसी भाईचारा, उल्लास और सामूहिकता का संदेश दिया।

आमजन, स्वच्छ भारत बनाने में निभाए अपनी अहम भूमिका:कमिश्नर

## कमिश्नर ने सफाई कार्य में किया श्रमदान, स्वच्छता की दिलाई शपथ



**शहडोल।** सेवा पखवाड़ा अंर्तगत स्वच्छता की सेवा अभियान के तहत कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता के मार्गदर्शन में कमिश्नर कार्यालय परिसर में श्रमदान के माध्यम से सफाई का अभियान चलाया गया। कमिश्नर ने स्वयं कार्यालय परिसर में झाडू लगाई तथा संकलित कचरें का उठाव भी किया। सफाई अभियान के माध्यम से कमिश्नर कार्यालय के विभिन्न कक्षों, सार्वजनिक शौचालयों, गैलरी सहित परिसर के अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की गई।

कमिश्नर ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है, स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहे एवं दूसरो को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किये जा रहे विविध कार्यो में शहडोल संभाग के नागरिक बढ़ चढक़र सहभागी बने और स्वच्छ भारत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। कमिश्नर नें श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कमिश्नर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कार्य में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित कमिश्नर कार्यालय के अन्य कर्मचारी एवं नगरपालिका शहडोल के स्वच्छता मित्रों ने श्रमदान किया।

### बीएमओ की मनमानी पर फूटा जनआक्रोश

# सिविल अस्पताल में 'सफेद कोट की गुंडागर्दी'!

## मरीज को न इलाज मिला, उल्टे परिजन पर हुई एफआईआर

## शपथ पत्र ने खोली बीएमओ की पोल, स्टाफ से दबाव में करवाए गए झूठे बयान

**शहडोल।** सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिन-प्रतिदिन गिरती जा रही है। कभी इलाज न मिलने से मरीज तड़पते हैं, तो कभी डॉक्टरों की दबंगई से आमजन भयभीत। अब ताज़ा मामला सामने आया है जिसने अस्पताल प्रशासन और विशेषकर बीएमओ आनंद प्रताप सिंह की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला न सिर्फ चिकित्सीय लापरवाही से जुड़ा है, बल्कि इसमें बीएमओ द्वारा धमकी, झूठी एफआईआर और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप भी शामिल हैं। जिले के जयसिंहनगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी वीरेन्द्र पाण्डेय ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि शनिवार की रात उनकी पत्नी के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। इलाज के लिए वे सिविल अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। अस्पताल में निराश होकर लौटने के बाद जब पत्नी की हालत बिगड़ी, तो उनके भतीजे अंकित पाण्डेय ने बीएमओ आनंद प्रताप सिंह को फोन कर तत्काल सहायता मांगी। वीरेन्द्र पाण्डेय का कहना है कि फोन पर मदद करने के बजाय बीएमओ ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने शिकायत में उल्लेख किया कि मैं अपनी पत्नी की हालत बिगडऩे के बाद भी डर के कारण इलाज नहीं करा पा रहा हूँ। बीएमओ ने धमकी दी है कि यदि ज्यादा बोला तो झूठी एफआईआर दर्ज करवा दूँगा। उन्होंने थाना प्रभारी से बीएमओ के विरुद्ध आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सेवा देने से इनकार करने और धमकी देने के संबंध में उचित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

### शपथ पत्र ने खोली अस्पताल प्रशासन की पोल

इसी प्रकरण में अस्पताल की अस्थायी कर्मचारी श्रीमती गंगा शुक्ला का शपथ पत्र सामने आया है, जिसने अस्पताल की कार्यशैली की सच्चाई उजागर कर दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अंकित पाण्डेय ने डॉक्टर का नंबर मांगा था और मेरे साथ उनकी किसी प्रकार की बात नहीं हुई, न ही उनके साथ किसी प्रकार की अभद्रता की गई। गंगा शुक्ला ने बताया कि रात करीब 2 बजे डॉक्टर आनंद पटेल ने उन्हें थाने ले जाकर किसी दस्तावेज़ पर ज़बरन हस्ताक्षर करवाए, जिसकी सामग्री उन्हें पता नहीं थी। शपथ पत्र में यह भी उल्लेख है कि उन्होंने कभी पुलिस में शिकायत नहीं की, न ही उनके साथ किसी प्रकार का अपराध हुआ। मैं अधीनस्थ कर्मचारी होने के कारण भयवश हस्ताक्षर कर दी। मुझे नहीं पता उस कागज़ में क्या लिखा था। यह बयान न केवल अस्पताल की भीतरी दबंग संस्कृति को उजागर करता है, बल्कि इस बात की ओर इशारा करता है कि अंदरखाने में सच को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।








### नशे में डॉक्टर, पीटे गए मरीजों के परिजन

यह कोई पहला मौका नहीं जब जयसिंहनगर अस्पताल में अमानवीय घटनाएं घटी हों। बीते माह टोटका गांव से एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लाया गया था। रात 11 से 12 बजे के बीच जब महिला को भर्ती किया गया, तो परिजन बाहर बैठे थे। तभी ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आनंद सिंह पटेल और कुछ स्टाफ पहुंचे, ग्रामीणों के मुताबिक सभी नशे में धुत थे। जब परिजनों ने उनका अभिवादन किया, तो डॉक्टर ने बिना कारण थप्पड़ जड़ दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे हेतराम सिंह, बिहारी सिंह और वृद्ध महिला मुन्नीबाई को भी नहीं छोड़ा गया। उन्हें लाठी-डंडों से पीटा गया और गालियां दी गईं। अस्पताल परिसर में मची इस अफरा-तफरी का वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ था, लेकिन पीड़ितों का आरोप है कि घटना के बाद डॉक्टर और उनके सहयोगी कैमरा रूम में घुसकर फुटेज डिलीट करने की कोशिश करने लगे।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी और जनता का सवाल

सिविल अस्पताल में लगातार सामने आ रहे इन मामलों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन मौन हैं। टोटका गांव के ग्रामीणों के मामले में शिकायत तो हुई, जांच समिति बनी, लेकिन माह बीतने को हैं, जांच समिति संभवतः डॉ. आनंद सिंह पटेल को बचाने का पुरजोर प्रयास कर रही है। चर्चा है कि बीएमओ के खिलाफ शिकायत करने वालों को डराया-धमकाया जाता है, कई अस्थायी कर्मचारी भी यह स्वीकार करते हैं कि अस्पताल में भय का माहौल बना हुआ है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं, लेकिन बीएमओ जैसे अधिकारी इसे अपनी जागीर बना चुके हैं। अस्पताल अब इलाज का नहीं, भ्रष्टाचार और आतंक का अड्डा बन गया है। जयसिंहनगर का सिविल अस्पताल आज 'स्वास्थ्य मंदिर' नहीं, बल्कि भय और भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका है। मरीजों को इलाज नहीं मिलता, अस्थायी स्टाफ पर दबाव बनाया जाता है, और बीएमओ की मनमानी चरम पर है।

# माँ विराटेश्वरी धाम में होगी महाअष्टमी की भव्य आरती



## नौ दिनी नवरात्र महोत्सव में भक्तिमय वातावरण

शहडोल। संभागीय मुख्यालय के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भक्ति, आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रि महापर्व के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन माता भगवती की भव्य आराधना, पूजन-अर्चन और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित आशीषराज तिवारी एवं जयंतराज तिवारी ने बताया कि प्रथम दिन से ही भक्तजन बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ माता रानी की आराधना में लीन हैं। सुबह जलाभिषेक और आरती के बाद दिनभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।

### आज महाअष्टमी की महाआरती

सेवादार विनय केवट ने बताया कि नवरात्रि की महाअष्टमी के अवसर पर 30 सितंबर, मंगलवार को माँ विराटेश्वरी की महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 1 अक्टूबर, बुधवार को महानवमी के दिन विशेष श्रृंगार और पूजन कार्यक्रम होंगे। 2 अक्टूबर, गुरुवार को हवन-पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारा का आयोजन होगा। वहीं 3 अक्टूबर, शुक्रवार को माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन एवं जवारा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य यात्रा ढोल-नगाड़ों, काली खप्पर नृत्य और जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए मोहन राम तालाब तक जाएगी, जहां माँ के जवारे विसर्जित किए जाएंगे।

### भक्तों के लिए सभी व्यवस्थाएं निशुल्क

श्री दुर्गा माता सेवा समिति की ओर से बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भक्तों के लिए सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं। समिति की ओर से जूता-चप्पल स्टैंड, मोटर साइकिल पार्किंग, नारियल तोडऩे की व्यवस्था, पेयजल, लाइटिंग, प्रसाद वितरण और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली जा रही है। महाअष्टमी की आरती के पश्चात भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

### सेवा समिति के सदस्य निभा रहे हैं धर्म सेवा

इस आयोजन में श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सभी सदस्य और संरक्षक पूरे मनोयोग से सेवाएं दे रहे हैं। मुख्य रूप से जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी, विकास तिवारी, संरक्षक नारायण पांडे, मोहन श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, बाटे भैया, अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एवं सदस्य अनिल सैनी भालू, विनोद नामदेव, विनय केवट, राजेश त्रिपाठी, नंदकिशोर बहरानी, रामचंद चेलानी, अजय श्रीवास्तव, मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर, सोमू गुप्ता, शुभम अग्निहोत्री, पंकज मौर्या, शिवम दुबे, शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, रामकिशोर केवट, रवि केवट, जतिन मंगलानी, गौतम राज, लवली, रंजन गुप्ता, आकाश चौधरी, अज्जू विश्वकर्मा आदि सेवादार माँ के दरबार में निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे हैं।

### भक्तों से की अपील

सेवा समिति और पुजारीगणों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में माँ विराटेश्वरी के दरबार में पहुँचकर महाअष्टमी आरती, नवमी श्रृंगार, हवन-भंडारा और जवारा विसर्जन यात्रा में शामिल हों तथा माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को मंगलमय बनाएं।

# शारदेय नवरात्र में विराटधरा पर भक्तिमय वातावरण

शहडोल। शारदेय नवरात्र के अवसर पर पूरे जिले में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जगह-जगह मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। मंदिरों और पंडालों में सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन से माहौल गूंज रहा है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए उमड़ रहे हैं। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन ने भी विशेष प्रबंध किए हैं।



मिट्ठू वाला पत्ता गोदाम



जागृति नव दुर्गा उत्सव समिति



श्री श्री दुर्गा पूजा बंगाली जनकल्याण समिति



श्री वीरभद्र परिवार नवदुर्गा उत्सव



मां शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति




चंद्रशेखर आजाद दुर्गा उत्सव



देवी माँ दुर्गा समिति, पटेल स्कूल



बुढार चौक



न्यू संगम नव दुर्गा उत्सव fci



मैहर नव दुर्गा उत्सव समिति

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी के लिए 13910 किसानों ने कराया पंजीयन

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले मे धान उपार्जन के लिए 13910 किसानों ने पंजीयन कराया है। उन्होने बताया कि मानपुर के 8271 किसान, चंदिया के 2122 किसान, बिलासपुर के 1551 किसान, बांधवगढ के 568 किसान, करकेली के 526 किसान, पाली के 466 किसान, नौरोजाबाद के 406 किसानों अपना पंजीयन कराया है।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत बच्चों ने लिखा स्वच्छता संकल्प पत्र



**उमरिया।** जिला समन्वयक स्वच्छता मनीषा कांड्रा ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाडे के तहत ग्रामीण अंचलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है तथा ग्रामीण जनो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में बच्चों के बीच पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का महत्व एवं जागरूकता पर आधारित स्वच्छता संकल्प लिखवाया गया।

उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के द्वारा लिखे गये स्वच्छता संकल्प को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाने के लिए बच्चो व्दारा कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों से कहा गया है कि दुर्गा पंडालों में आरती के पष्चात उक्त स्वच्छता संकल्प को दोहराया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगो तक इसकी जानकारी पहुंच सके । प्रतियोगिता को सफल बनाने में जनपद पंचायत करकेली से श्वेता निगम ब्लाक समन्वयक (एसबीएमजी) एवं शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही ।

### छात्रावास की किशोरियों ने जानाः चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो

**उमरिया।** स्वस्थ नारी सशक्त अभियान के तहत किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा द्वारा कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास मे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आउटरीच गतिविधि के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एनीमिया रोगों से बचाव पोषण आहार,14416 टोल फ्री नंबर,जस्ट आस्क चौट बोट के बारे में जानकारी दी गई जिसमें उपस्थित छात्राओं द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिया गया एवं व्यक्तिगत काउंसलिंग भी गई । इस अवसर पर हॉस्टल बर्डन उर्मिला सिंह,सहायक वार्डन प्रेमलता सिंह एवं दीपिका सिंह उपस्थित रहे।

### रक्तदान संगोष्ठी एवं रक्तदान शिविर संपन्न

**उमरिया।** भारतीय रेड क्रॉस



सोसायटी शाखा उमरिया द्वारा मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन चिल्हारी में विशाल रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया । इस अवसर पर सेवा भाव से ग्राम चिल्हारी और उसके आस पास के ग्रामों के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्त दान किया गया एवं ग्रामीणो से भी अपील की गई कि समय समय पर सभी रक्त दान करें क्योकि आपके व्दारा किए गए रक्तदान से लोगो की जान बचाई जा सकती है । इस अवसर पर कुल 17 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर में आशुतोष अग्रवाल , मिथलेश पयासी , रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति के सदस्य देवेंद्र जायसवाल,रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य बृजेश शर्मा, मान सिंह,डॉ अमृतलाल जायसवाल, रामप्रसाद विश्वकर्मा,अतुल तिवारी जी,डॉ रमेश कोरी अजय शर्मा,जनपद सदस्य विजय द्विवेदी,सरपंच प्रतिनिधि दिनेश कोल ,एवं ब्लड बैंक उमरिया की समस्त टीम उपस्थित रहे।

---

शारदेय नवरात्र पर दिखी अद्भुत आस्था

# भठिया देवी मंदिर में उमड़ा भक्तिभाव का सैलाब

### कल्चुरी कालीन धरोहर बनी आस्था का केंद्र

**शहडोल।** आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की उपासना का पावन पर्व शारदेय नवरात्रि पूरे अंचल में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। श्रद्धा और विश्वास के इस महापर्व पर जिले के मंदिरों में जहां दिन-रात देवी आराधना का दौर जारी है, वहीं जैतपुर ब्लाक मुख्यालय स्थित भठिया देवी मंदिर इस समय आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। मां सिंहवाहिनी के इस प्राचीन मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। सुबह चार बजे से ही आरती, घंटों की मधुर ध्वनि और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं। दिनभर में हजारों की संख्या में भक्त यहां माथा टेकने आते हैं। रात होते ही मंदिर परिसर रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाने लगता है और दृश्य इतना मनमोहक हो उठता है कि श्रद्धा और सौंदर्य का संगम एक साथ दिखाई देता है।



### भठिया देवी मंदिर का गौरवशाली इतिहास

भठिया देवी मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि यह जिले की संस्कृति और प्राचीनता का जीवंत प्रतीक है। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार, यह मंदिर कल्चुरी काल में निर्मित हुआ था। उस समय यह पूरा क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था। कहा जाता है कि माता सिंहवाहिनी की विशाल प्रतिमा खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थी, जिसके बाद आस-पास के लोगों ने सामूहिक रूप से यहां मंदिर निर्माण का निर्णय लिया। धीरे-धीरे इस क्षेत्र में बस्ती बसने लगी और भठिया देवी मंदिर जन-जन की आस्था का केंद्र बन गया। मां सिंहवाहिनी की नयनाभिराम प्रतिमा आज भी अपनी दिव्यता और अद्भुत आभा से भक्तों को आकर्षित करती है। मंदिर का स्थापत्य, पत्थरों की नक्काशी और पारंपरिक कला शैली आज भी कल्चुरी युग की धार्मिक विरासत को सहेजे हुए है।

### श्रद्धा और उत्साह का संगम

नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई है। माता के दरबार को आकर्षक फूलों, झालरों, विद्युत लाइटों और रंगीन रिबनों से सजाया गया है। स्थानीय समितियों और भक्तों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन और अखंड ज्योति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। श्रद्धालु हाथों में नारियल, चुनरी और प्रसाद लेकर माता के चरणों में अर्पित करते हैं। महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों में भक्ति गीत गाती हैं तो, बच्चे माता के जयकारों से वातावरण को और अधिक पावन बना देते हैं।

भक्तों का कहना है कि भठिया देवी माता हर युग में अपनी कृपा से जनमानस की रक्षा करती आई हैं। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि माता के दरबार में मांगी गई मुरादें पूर्ण होने के असंख्य उदाहरण यहां देखने को मिलते हैं। इसी कारण हर वर्ष नवरात्र के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

### प्रशासन और समिति की तैयारियां

भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रवेश और निकास मार्गों पर बैरिकेडिंग, भक्तों की सुविधा हेतु पेयजल, चिकित्सा और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल और स्वयंसेवक लगातार तैनात हैं ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। जैतपुर क्षेत्र के स्थानीय जनों ने बताया कि इस बार मंदिर की साज-सज्जा पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक है। मंदिर की मुख्य प्रतिमा के आस-पास फूलों और लाइटों की ऐसी साज-सज्जा की गई है कि हर आगंतुक श्रद्धा से नतमस्तक हो उठता है।

### नवरात्रि के नौ दिन-आस्था का महासंगम

नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर परिसर में हर दिन अलग-अलग स्वरूपों में मां की पूजा की जा रही है। मां शैलपुत्री से लेकर मां सिद्धिदात्री तक के नौ रूपों की आराधना में पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। ग्रामीण और शहरी दोनों ही वर्गों के लोग इन आयोजनों में भाग ले रहे हैं। भक्तों का मानना है कि भठिया देवी मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि यह आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत है। यहां पहुंचकर मन की अशांति मिट जाती है और श्रद्धा का एक नया भाव उत्पन्न होता है।

### सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक

भठिया देवी मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का भी प्रमुख केंद्र है। मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष नवरात्र पर भक्ति संगीत, गरबा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जिनमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। इस मंदिर से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार, जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मां की आराधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसलिए चाहे आसपास के गांव हों या दूरस्थ क्षेत्र—नवरात्रि के दौरान यहां श्रद्धालुओं का निरंतर प्रवाह बना रहता है। शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर भठिया देवी मंदिर में जो धार्मिक और सामाजिक एकता का स्वरूप देखने को मिल रहा है, वह इस बात का प्रमाण है कि भक्ति आज भी समाज को जोडऩे वाली सबसे बड़ी शक्ति है।

---

# उमरिया में भू-माफिया की बड़ी ठगी



### गरीब परिवार के हड़प लिए 1 करोड़ 16 लाख
### कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

उमरिया। जिले में एक सनसनीखेज़ जमीन घोटाला सामने आया है, जिसने प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लालपुर निवासी मिथलेश राय पिता बालादीन राय और उनकी पत्नी मोनू राय पति मिथलेश राय पर आरोप है कि उन्होंने भरौला गांव के गरीब और अशिक्षित यादव परिवार को एग्रीमेंट का झांसा देकर उनकी पुश्तैनी भूमि हड़प ली और 1 करोड़ 16 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि हड़प कर फरार हैं। ग्राम भरौला निवासी ईश्वरी यादव, राकेश यादव, कालिका यादव, बाबूलाल यादव (सभी पुत्र रमई यादव) तथा उनके चचेरे भाई गोरे लाल यादव पुत्र बजारी यादव की पुश्तैनी भूमि खसरा नंबर 105, 108 और 109 रकबा करीब 5.50 एकड़ है। यही जमीन भू-माफिया दंपत्ति मिथलेश और मोनू राय की लालच का शिकार बन गई।

### एग्रीमेंट के नाम पर हुई ठगी

पीड़ितों के अनुसार 18 अगस्त 2020 को मिथलेश राय उनके घर पहुंचा और पूरी भूमि का सौदा 1 करोड़ 50 लाख रुपए में तय किया। उसी समय 32 लाख रुपए का भुगतान करने और शेष राशि 11 माह बाद रजिस्ट्री के वक्त देने का वादा किया गया। अगले ही दिन यानी 19 अगस्त 2020 को मिथलेश राय उन्हें उप पंजीयक कार्यालय उमरिया लेकर गया और कहा कि ऑनलाइन एग्रीमेंट कराना है, लेकिन असल में उसने एग्रीमेंट नहीं, बल्कि जमीन की रजिस्ट्री करा ली। रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान मिथलेश और उसकी पत्नी मोनू राय ने चालाकी से गोरे लाल यादव की भूमि अपने नाम पर और बाकी भाइयों की भूमि मोनू राय के नाम करवा ली। पीड़ितों को मात्र 16-16 लाख रुपए चेक से दिए गए, जबकि शेष रकम रजिस्ट्री के समय देने का झूठा वादा कर उन्हें लौटा दिया गया।

### पैसे की मांग पर दी मर्डर की धमकी

कई महीने बीत जाने के बाद जब यादव परिवार ने मिथलेश से शेष रकम की मांग की, तो उन्हें यह जानकर झटका लगा कि उनकी जमीन का नामांतरण पहले ही आरोपी दंपत्ति के नाम हो चुका है। जब उन्होंने विरोध किया, तो मिथलेश ने बाबूलाल यादव को 12 लाख 25 हजार रुपए देकर बाकी पैसे जल्द देने की बात कही, लेकिन इसके बाद दोनों पति-पत्नी वादे से मुकर गए। अब स्थिति यह है कि गोरे लाल यादव, ईश्वरी यादव, कालिका यादव और राकेश यादव का कुल 1 करोड़ 16 लाख रुपए बकाया है, जिसे देने से मिथलेश और मोनू राय साफ इनकार कर रहे हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि जब भी वे अपने हक का पैसा मांगने जाते हैं, तो मिथलेश राय खुलेआम धमकी देता है और कहता है कि यहां से भाग जाओ, नहीं तो मर्डर करवा दूंगा।

### पीड़ित सडक़ पर, प्रशासन मौन

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ितों द्वारा कई बार लिखित शिकायतें कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को दिए जाने के बावजूद अब तक आरोपियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यादव परिवार का कहना है कि वे गरीब और कम पढ़े-लिखे हैं, इसी कमजोरी का फायदा उठाकर भू-माफिया दंपत्ति ने उनकी पूरी ज़मीन हड़प ली और अब खुलेआम धमकियां देकर घूम रहे हैं।

### न्याय न मिला तो करेंगे आत्महत्या

फरियादियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उमरिया कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल मिथलेश राय और मोनू राय के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनका बकाया भुगतान दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वे सामूहिक आत्महत्या करने को मजबूर होंगे। इस प्रकरण ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे भू-माफियाओं पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो गरीब किसानों की जमीनें इसी तरह ठगी का शिकार होती रहेंगी। यह मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि सिस्टम की लचर कार्यप्रणाली का आईना है, जहां भू-माफिया कानून और प्रशासन दोनों को ठेंगा दिखाकर बेखौफ घूम रहे हैं।

---

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा कि वन अधिकार के लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण किया जाए । फसल सर्वे के कार्य में तेजी लाई जाए । सर्वे के कार्य में राजस्व एवं कृषि विभाग संयुक्त टीम बनाकर कार्य करें । संबल योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए । कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन विभाग, खनिज विभाग ओव्हरलोडिंग वाहनो पर संयुक्त रूप से जांच करना सुनिश्चित करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत चित्रकला प्रदर्शनी संपन्न



**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता तथा प्रदशनी का आयोजन किया गया। स्वच्छता को नागरिकों कि आदत में लाने तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्धेश्य को जन - जन तक पहुंचाने हेतु नगर पालिका ने यह प्रतियोगिता संपन्न कराई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता जागरूकता में अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे के लिए पारंपरिक प्रतियोगिता से हटकर नवाचार करते हुए बच्चों के साथ - साथ उनके अभिभावको को भी शामिल किया गया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को मुख्य कार्यक्रम 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जायेगा । प्रदर्शनी में प्राचार्य ललन सिंह मरकाम,अन्य विद्यालयीन स्टाफ नगर पालिका उमरिया से निशांत मिश्रा एवं अन्य दल उपस्थित रहा ।



सरकारी स्कूल परिसर गोविंदा कालोनी मे विराजीं मां जगदंबा



डबल स्टोरी गोविंदा कालोनी में मां का भव्य रूप



तहसील प्रांगण कोतमा में मां अंबे



जमुना कोऑपरेटिव के पास स्थित मां दुर्गा



### भण्डारे मे उमड़ रहे भक्त

**बदरा/जमुना।** न्यू नवदुर्गा बाल सीमित एफ ब्लॉक नवदुर्गा जमुना पूजन सीमित ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव कौशल सिंह सचिव नीलेंद्र विश्वकर्मा संजय आदित्य कोषाध्यक्ष मुकेश और सरोज द्वारा विशेष भंडारा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आसपास के क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होती है।

### पुराना टॉकीज परिसर में भंडारे का आयोजन

**कोतमा।** नवरात्रि शुरू होते हीं जहां पूरा नगर माता की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। वही नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति शारदा काली मंदिर के युवाओं के द्वारा प्रथम दिन से ही पुराना टॉकीज परिसर में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक यह भंडारा नौ दिनों तक निरंतर चल रहा है। भंडारे में प्रतिदिन अलग-अलग माता को भोग लगाते हुए प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। समिति के द्वारा बैठ कर भी भंडारे का प्रसाद खिलाया जा रहा है। जिसमें सभी समिति के युवा लड़के माता की सेवा में दिन-रात जुटे हुए हैं।

### विद्यालय में भी भक्तिमय वातावरण

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पूरे नगर माता की भक्ति में ली नजर आ रहा है तो वहीं दूसरी ओर विद्यालय में भी भक्ति का वातावरण देखा जा रहा है। नगर के ग्रीनलैंड स्कूल में सोमवार को विद्यालय के संचालक शब्बीर हुसैन के द्वारा शिक्षकों की मदद से विद्यालय परिसर में सुबह छात्राओं को इकट्ठा कर विजयदशमी क्यों मनाई जाती है और कैसे मनाई जाती है इसके बारे में विस्तार से बच्चों के द्वारा नाट्य रूप में रूपांतरण किया गया। विद्यालय के छात्राओं के द्वारा भगवान श्री राम एवं उनकी वानर सी हनुमान जी का बच्चों ने नात रूपांतरण करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसकी पूरे नगर में चर्चा दिनभर बनी हुई थी।



## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए, वीक पॉइंट समझाया

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय ,ढीमरखेड़ा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कनौजिया ने विद्यार्थियों को बताया कि मुसीबत के समय किन-किन अंगों पर प्रहार कर स्वयं की सुरक्षा की जा सकती है।उन्होंने कराटे के अभ्यास कराते हुए आत्मरक्षा के वीक पॉइंट समझाए। महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए विशेष साधनों की आवश्यकता नहीं होती, हम उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से भी खुद की रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम में सचिन कोष्टा, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, डॉ. हर्षित द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दुर्गा पंडालों और रामलीला मंचों का किया निरीक्षण



**उमरियापान** नवरात्र पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हैं। शनिवार रात स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी और थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने उमरियापान नगर में पैदल गश्त कर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों और रामलीला मंचों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने समितियों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीओपी ने विशेष रूप से बिजली के तारों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने दर्शन हेतु महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतारें बनाने पर जोर दिया। एसडीओपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने सभी आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने की बात कही।

### अभियान चलाकर 253 मवेशियों को हटाया गया



**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्गों में घुमंतू मवेशियों के विचरण पर अंकुश लगाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के लिए निगम की हांका गैंग सक्रिय हो गई है। जिसके तहत शनिवार देर रात नगर के 7 प्रमुख मार्गों सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लगभग 245 घुमंतू मवेशियों को हांका लगाते हुए नगरीय सीमा से बाहर किए जाने की कार्यवाही की गई। जबकि बाजार क्षेत्र से 8 मवेशियों को पकड़कर काऊ कैचर वाहन से कांजी हाउस भेजा गया। मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, पन्ना मोड़ से साईं मंदिर होते हुए गल्ला मंडी रोड, इंदिरा नगर तिराहा, कलेक्ट्रेट कार्यालय से झिंझरी, जिला न्यायालय मार्ग, न्याय निकुंज से पीर बाबा एवं सत्य नारायण मंदिर मार्ग से दुर्गा चौक सहित स्टेशन रोड मुख्य मार्ग में अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात में बाधक बन रहे 8 मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। जबकि गल्ला मंडी से पन्ना मोड़ के लगभग 150 मवेशियों, कलेक्ट्रेट से पीरबाबा के लगभग 60 मवेशियों और सत्यनारायण मंदिर से दुर्गा चौक तक के लगभग 35 मवेशियों को हांका लगाते हुए नगरीय सीमा के बहार किया गया।

## अमरडांडी बाजार में सक्रिय हुआ नवदुर्गा हिन्दू जन जागरण समिति

# समाजिक और धार्मिक गतिविधियों में जुटे कार्यकर्ता

अमरडांडी बाजार। क्षेत्र में नवदुर्गा हिन्दू जन जागरण समिति का गठन कर कार्यकर्ताओं ने समाजिक एवं धार्मिक जागरूकता का संदेश देने की पहल की है।

धनपुरी।

समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य आगामी समय में धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं समाज में भाईचारा बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगे।समिति के अध्यक्ष शिवानंद चौरसिया को सर्वसम्मति से चुना गया है। उनके नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं की टीम विशेष रूप से नवरात्र पर्व, दुर्गा पूजा, श्रीराम नाम संकीर्तन और समाजिक सहयोग कार्यक्रमों का संचालन करेगी।समिति में सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ता इस प्रकार हैं:मुख्य सहयोगी सदस्यः दीपु, लाला दहिया, सुजीत, आकाश, राहुल वर्मा, राहुल बिंद, राज बिंद, विशाल।कार्यकर्ता दलः दीपक चौरसिया, पियूष, अन्ना, निखिल, धनराज, कुक्की, दुग्गु, मनोज राजक, आदित्य, दुगु गुप्ता, लालू गुप्ता, शिव सोनी, हरि गुप्ता, देवराज नाहक, आनी वर्मा, राहुल वर्मा, रवि गुप्ता, विवेक गर्ग।अन्य वरिष्ठ सदस्यः



धर्मदेव चौरसिया, सुभाष पनिका।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि



शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के कार्यों में भी सहभागिता रहेगी।स्थानीय नागरिकों ने समिति के गठन का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि यह संगठन आने वाले दिनों में सामाजिक सौहार्द एवं धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## दुर्गा समितियों के स्थल चौकी साज सज्जा, स्वछता अनुशासन का निरीक्षण करने निर्णायक दल रवाना



बुढ़ार।

शारदेय नवरात्रि के दौरान नगर में विराजमान समस्त दुर्गा समितियों के द्वारा निर्मित चौकी स्थल साज सज्जा स्वछता एवं अनुशासन का निरीक्षण करने दशहरा समिति के निर्णायक दल निरीक्षण के लिए रवाना हुआ।

नगर परिषद सभागार में निर्णायक दल में नेहरू महाविद्यालय के अतिथि विद्वान डॉ वी एन उपाध्याय , प्रोफेसर कमलेश प्रजापति, डॉ आर के त्रिवेदी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डीएवी पब्लिक स्कूल डा, शांति चतुर्वेदी, श्रीमती मीनू गुप्ता समाज सेविका, प्राचार्य केशवपुरम सरस्वती विधालय स्वछता विभाग से सुश्री रागिनी चूटहेल, राधिका तिवारी सहित 6 सदस्यों के निर्णायक टीम का तिलक वंदन बैच लगाकर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव,दशहरा समिति अध्यक्ष सोनू आहुजा, आतिशबाजी अध्यक्ष नमन ताम्रकार ने स्वागत कर रवाना किया।

इस दौरान सत्य प्रकाश सेठिया,रवि रजक, आशीष नामदेव, श्रीकृष्ण गुप्ता, योगेन्द्र सिंह विनोद पाठक,अभय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## बचपन और एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल,धनपुरी के नन्हें सितारों ने राष्ट्रीय स्तर पर बजाया सफलता का बिगुल

बुढार।

धनपुरी एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के नन्हें प्रतिभाशाली छात्रों ने विद्यालय के साथ-साथ नगर का नाम भी पूरे देश में रोशन किया है।

विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा स्वरा जैन ने नृत्य कला में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। स्वरा सुपुत्री श्रीमती दीपिका जैन एवं सृजनेश जैन हैं तथा उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से डांस टीचर संध्या सिंह के मार्गदर्शन से यहां तक पहुंची हैं।

इसी प्रकार,कक्षा 4 के छात्र अभिजीत सोनी ने राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर





विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

अभिजीत की इस उपलब्धि का श्रेय उनकी गहरी एकाग्रता और बेहतरीन रणनीतिक सोच को जाता है,अभिजीत, सुपुत्र श्रीमती नम्रता सोनी, दीपक सोनी हैं। दोनों छात्र राष्ट्रीय मेगा काम्पटीशनस 5 से 7 अक्टूबर तक गेटवे ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, सोनीपत (हरियाणा) में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर सृजनेश जैन, प्राचार्या श्रीमती जागृति सिंह सोलंकी एवं समस्त शिक्षिकाओं ने इन दोनों छात्रों की मेहनत और सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ी को भी यह संदेश देती है कि लगन और मेहनत से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

## दिव्यांगन हेतु रोजगार मेले में 7 हितग्राहियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कटनी द्वारा विभिन्नक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्था्न में दिव्यांागजन हेतु रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में बैंक से प्राप्ता होने वाले विभिन्ना प्रकार की वित्तीयय सुविधाओं के बारे में दिव्यांमगजनों को जानकारी दी गई एवं दिव्यांलगजनों को बीमा सखी एवं ग्रामीण अभिकर्ता बनने के बारे में विस्ता र से बताया गया। साथ ही प्राथमिक रूप से 7 हितग्राहियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन जबलपुर से अरिहंत जैन द्वारा टू व्हीलिर रिपेरिंग से संबंधित चलाये जा रहे स्वेरोजगार प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। साथ ही श्री शिवांस सेन अडानी स्किल सेंटर कैमोर द्वारा संस्था्न में संचालित विभिन्नथ प्रकार के स्व रोजगार प्रशिक्षणों एवं रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा आरसेटी में संचालित होने वाले विभिन्नो स्वररोजगार पाठयक्रमों के बारे में उपस्थित दिव्योंगजनों को जानकारी दी गई। ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण स्वपरोजगार प्रशिक्षण संस्था न (आरसेटी) में 29 दिव्यांगो हेतु शॉपकीपर प्रशिक्षण का अयोजन किया जा रहा है। साथ ही मिशन द्वारा संकुल स्त रीय संगठनों, ग्राम संगठनों एवं स्व।-सहायता समूह स्त र पर सामुदायिक कार्यक्रम, जागरूकता रैली, स्वागस्य्एव वार्ता के साथ महिलाओं के स्वा स्य्द एवं पोषण जागरूक्ता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# लोढ़ा धार महारानी में उमडती है भक्तों की भीड़







### 500 वर्ष पुरानी है मूर्ति।

ब्यौहारी।

नगर परिषद में बस स्टैंड के पास प्राचीन लोढ़ाधार महारानी नवरात्रि में आस्था का प्रमुख केंद्र है जानकारों की माने तो लोढ़ा धार महारानी का इतिहास 500 वर्ष पुराना देवी मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य राम जी गुप्ता ने बताया कि हम लोगों के बाप दादा के पहले से यह मूर्ति है इसकी जानकारी हमें नहींलोग बताते सबसे पहले यहां पर नीम के पेड़ के नीचे माता विराजमान थी ब्यौहारी का प्राचीन नाम छुलहा था उसके बाद धीरे-धीरे मंदिर का विकास हुआ मंदिर में ही शेरावाली दुर्गा मां की मूर्ति के बगल में 1000 साल पुरानी महिषासुर मर्दिनी अष्टभुजी मूर्ति भी है इसके अलावा मंदिर परिसर में बजरंगबली, मां कालिका, भगवान शंकर, राम लक्ष्मण सीता के अन्य आठ मंदिर बने हुए है सभी मंदिरों में पुजारी पूजा करते हैं सुबह 4:00 बजे माता का पट खुल जाता है सुबह की आरती 6:30 बजे और शाम की आरती 7:30 बजे होती है। देवी मंदिर के मुख्य पुजारी मुकेश शुक्ला ने बताया कि माता सबकी मनोकामना को पूरी करती है जो यहां आता है खाली हाथ नहीं जाता माता ने कईयों की सूनी गोद को भारा है । देवी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरुणोदयानंद शुक्ला जो पैशे से अधिवक्ता है सुबह-शाम मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं को खुद संभालते हैं उन्होंने कहा कि आपकी जो मन्नत है वह आप महारानी से मांगे और उनके दरबार में हाजिरी लगाते रहे आपकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी लेकिन यदि आप अर्जी लगाकर भूल जाएंगे तो माता भी भूल जाती मनोकामना तो पूरी होती है लेकिन पेशी में आना पड़ता है सुबह शाम मंदिर में लगभग हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं मंदिर परिसर में ही ब्रह्म कुमारी श्री विश्वविद्यालय द्वारा माता के नौ रूपों की झांकियां भी बनाई गई है जिसमें कन्याएं माता के नौ रूपों का रूप धरकर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई

## कमिश्नर ने अनूपपुर के आजीविका फ्रेश मेला का किया निरीक्षण

# कमिश्नर ने उत्पादों को खरीद कर बढ़ाया उत्पादकों का उत्साह



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा है कि आजीविका फ्रेश मेला स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी हुनर का अनोखा संगम है। ऐसे मेले ग्रामीण अंचल की प्रतिभा को पहचान दिलाने के साथ-साथ युवाओं को स्व-रोजगार की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को गति प्रदान करने का सार्थक माध्यम साबित होगा। उक्त विचार कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज जिला मुख्यालय अनूपपुर के सामतपुर तालाब परिसर में आयोजित आजीविका फ्रेश मेला के निरीक्षण के दौरान महिला स्व-सहायता समूह की बहनों से चर्चा के दौरान व्यक्त किए। कमिश्नर श्रीमती गुप्ता ने अनूपपुर जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुँचे और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए शुद्ध एवं पारंपरिक उत्पाद जैसे मिलेट्स से बने खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प सामग्री, औषधीय जड़ी-बूटियाँ, मसाले, सब्जियाँ और अन्य घरेलू सामान आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस पहल से न केवल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिला है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को एक बाजार भी प्राप्त हो रहा है।

### कमिश्नर ने किया निरीक्षण

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अनूपपुर के सामतपुर तालाब परिसर में आयोजित आजीविका फ्रेश मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर पहुँचकर महिला स्व-सहायता समूह की बहनों से उनके उत्पादों, आय और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की। कमिश्नर ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मेले ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुँचकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने एवं 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को गति देने की अपील की। कमिश्नर ने स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहित करने हेतु मेले से आंवला कैंडी, रूई बाती, क्लीन वॉश, अगरबत्ती, आलू पापड़, कोदो-कुटकी उत्पाद तथा कास्ठ शिल्प से निर्मित मां सरस्वती की प्रतिमा खरीदी। उनके इस कदम से स्व-सहायता समूहों का मनोबल और अधिक मजबूत हुआ। कमिश्नर ने महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती राजकुमारी यादव, श्रीमती फूलवती केवट, श्रीमती यशोदा सिंह, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती सुनीता मरावी तथा श्रीमती मीरा सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस सम्मान से सभी सदस्यों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

## जुलूस मार्ग को करें दुरूस्त, झूलती बिजली तारों को कराएं व्यवस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में विराजित दुर्गा प्रतिमाओं व जवारा विसर्जन एवं दशहरा चल समारोह के दौरान नगरपालिक निगम कटनी द्वारा सभी आवश्यक कार्य व्यवस्थाओं को समय में पूर्ण किए जाने हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने एक आदेश जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।दशहरा चल समारोह बुधवार 1 अक्टूबर को सायंकाल स्टेशन रोड कमानिया गेट के पास से प्रारंभ होगा जो कि सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुये मोहन घाट, गाटर घाट पहुंचेगा, जहां पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जावेगा। निगमायुक्त ने उपायुक्त शैलेश गुप्ता को प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाते हुए संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं को संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए अपने मार्गदर्शन में समय पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निर्धारित स्थानों पर विसर्जन जलकुण्ड बनाते हुए नदी,तालाब में विसर्जन न करते हुए सभी प्रतिमाऐं जलकुण्ड में ही विसर्जित करने के साथ ही केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों मार्गदर्शिका का पालन करते हुए विसर्जन कुण्ड बनाने ,सभी विसर्जन कुण्ड के चारों ओर एवं प्रतिबंधित विसर्जन स्थल जैसे-कटायेघाट, मसुरहा घाट, अमीरगंज तालाब के पास पर्याप्त बैरिकेटिंग करने व आवागमन हेतु मुख्य मार्गों, चल समारोह मार्ग एवं प्रतिमा विसर्जन स्थल के पहुंच मार्गों के गड्ढों की आवश्यक मरम्मत कराने के साथ विसर्जन स्थलों पर ड्यूटी करने वाले अधिकारी, कर्मचारी हेतु पंडाल, कुर्सी, सोफा, टेबिल तथा माईक-साउंड आदि की व्यवस्था करने,विसर्जन स्थलों पर सुविधाजनक पटरे लगाये जाने,सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से निर्धारित विसर्जन स्थल पर कटनी सेवा समिति के तैराक व होमगार्ड के जवान तैराक, गोताखोर, लाईफ जैकेट, मोटर बोट की समुचित व्यवस्था हेतु नगर निगम, कटनी द्वारा भी पत्र प्रेषित करने तथा संबंधित शाखाओं व विभाग से समन्वय बनाकर वाच टॉवर रखवाये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,सहायक यंत्री अनिल जायसवाल,सुनील सिंह सहित उपयंत्रियों को दायित्व सौंपे हैं।

## खबर संक्षेप

### सुश्री अर्चना कुमारी होंगी अनूपपुर की नई जिला पंचायत सीईओ



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिले के पूर्व जिला पंचायत अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के स्थानांतरण के पश्चात 2021 बैच की आईएएस अर्चना कुमारी को जिला पंचायत अधिकारी के रूप मे जिले मे पदस्थ किया गया है। इसके पूर्व अर्चना कुमारी शुजालपुर मे अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थीं। जिनका विगत दिनों अनूपपुर जिले मे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप मे पदस्थापना हुई है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व अर्चना कुमारी इंडियन इकोनामिक सर्विस 2020 की परीक्षा मे 16वीं रैंक हासिल की थी जिससे वह कृषि मंत्रालय मे सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं। जेएनयू दिल्ली से उन्होने स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है।

### जिला मुख्यालय में सड़क की दुर्दशा



अनूपपुर। जिला मुख्यालय के खमपरिया तालाब के पास वार्ड क्रमांक 13 और 14 के बीच की सड़क लंबे समय से खराब हालत में पड़ी हुई है। आए दिन गड्ढों और कीचड़ के कारण स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों तथा वाहनों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर पालिका को इस समस्या की जानकारी दी गई, लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। स्थिति इतनी खराब है कि बरसात में सड़क तालाब जैसी हो जाती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब जिला मुख्यालय की मुख्य बस्ती की सड़कें ही इस हाल में हैं, तो नगर पालिका की जिम्मेदारी और कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। आखिर बच्चों और आमजन के जीवन से खिलवाड़ की जिम्मेदारी कौन लेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तुरंत सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

### मां के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु, तिल रखने तक की जगह नही



कोतमा। नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार को शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए मंदिरो मे भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। भक्तों ने मंत्रोच्चार और जयकारे के साथ मां की आराधना की। शारदीय नवरात्र की सप्तमी को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि के दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। सोमवार को सप्तमी तिथि होने के चलते मंदिरों में अन्य दिनों की अपेक्षा भींड़ अधिक रही। इस दौरान मंत्रोच्चार व जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन-पूजन किया। भक्तों के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ छात्र



कोतमा। कोतमा ग्रीन लैंड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, कोतमा के कक्षा 9 वीं का छात्र यश कुमार केवट पिता लक्ष्मण केवट ने विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत उन्होंने जिला स्तरीय प्रथम वर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया। संभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भी यश कुमार केवट ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव अर्जित किया। अब वे आगामी 08 अक्टूबर को खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## संवेदनशील मामले मे भी लापरवाह रवैया, नवरात्र मे भी नही टूट रही नींद

# नगर पालिका अनूपपुर की मनमानी से हो सकती है जनहानि

**रद्दी की टोकरी मे जिलाधीश का आदेश, कबाड़ हो रहे नपा के काऊ कैचर**

आवारा जानवरो को सड़को से तत्काल हटाने का कलेक्टर के आदेश का नगर पालिका अनूपपुर जमकर धज्जियां उड़ा रहा है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति पर विश्वास करते हैं तभी तो हिन्दू धर्म मे नवरात्र जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दौरान भी आवारा जानवरों की दहशतगर्दी बरकरार है और जिम्मेदार गहरी नींद मे सोये हुये हैं। जिला मुख्यालय में वही पुरानी स्थिति बनी हुई है। यहां के अधिकारी व उनके मातहत कलेक्टर के आदेश को धता बता रहे हैं। जिम्मेदारों के कान मे जूं तक नही रेंग रही है।

जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले के नगर पालिका, नगर परिषद, ग्राम पंचायत में नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे एवं अन्य सड़क मार्गो में आवारा जानवरो की धमाचौकड़ी के कारण आये दिन दुर्घटनाओं को देखते हुये कलेक्टर ने सड़को से तुरंत जानवरों को हटाने का आदेश दिया था मगर अधिकारियों के कान में जूं तक नही रेंग रही है। सभी अधिकारी अभी तक कुंभकर्णी नींद में सो रहे है, अब इनकी नींद कब टूटेगी किसी को नही पता। आदेश के बाद आम लोगो को एक उम्मीद जगी थी वह उम्मीद भी धूमिल होती दिख रही है।

### अभी भी मार्गों मे डटे आवारा जानवर

नगर पालिका अनूपपुर अंतर्गत शेपर्स स्कूल, अमरकंटक तिराहा, शंकर मंदिर, इंदिरा तिराहा, तहसील कार्यालय, साई मंदिर, कोतवाली, बस स्टैंड, सामतपुर तिराहा, विद्युत सब स्टेशन, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय, एचपी गैस एजेंसी, बीएसएनएल आफिस, पुलिस कॉलोनी, पुरानी बस्ती मे आवारा जानवरो की भरमार है। ज्ञात हो कि बीच सड़को पर दिन व रात्रि के समय बैठे हुए जानवरो के कारण प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती है जिससें लोगो की जान माल के नुकसान के साथ मवेशियों की भी मौत हो जाती है। कुछ मवेशी जो बच जाते हैं वे हमेशा के लिए अपंग हो जाते है। रात के समय जब तेज रफ्तार से सामने के गाड़ियों की हेड लाइट की रोशनी आंखों पर पड़ती है तो कुछ देर के लिए वाहन चालक के आंखों में कुछ भी दिखना बन्द हो जाता है और सड़क पर बैठे हुए जानवरो से गाडी टकरा जाती है।

### नवरात्र मे उमड़ रही भक्तों की भीड़

नवरात्र के अंतिम चरण मे ग्रामीण क्षेत्र से भक्त शहरों की ओर देवी मां के दर्शन करने व घूमने आते हैं जो अक्सर पैदल होते हैं। जिनमे महिलाएं, पुरूष, बच्चे अलग अलग टोलियों मे मां के दर्शन करते हैं। इस दौरान आवारा जानवरों की भी झुण्ड रास्ते मे मिल जाती है जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। नगर पालिका को चाहिये कि कम से कम नवरात्र जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान तो आवारा जानवरों को पकड़ लिया जाये, परंतु गहरी नींद मे लीन जिम्मेदारों को आमजनता की समस्याओं से कोई लेना देना नही है।

### कलेक्टर के आदेश को बता रहे धता

जिले के प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाकर मवेशियों के नियंत्रण हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने दल का गठन किया था। यह दल प्रतिदिन सायंकाल प्रमुख मार्गों से आवारा मवेशियों पर नियंत्रण तथा उन्हें राजमार्गों से बाहर हटाने एवं निकटतम गौशालाओं में प्रतिस्थापन की कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। साथ ही पशु चिकित्सा के विभागीय दल घायल पशुओं का उपचार करेंगे। कलेक्टर ने अंडरब्रिज से तिपान नदी/साईं मंदिर की ओर एवं जेल बिल्डिंग तक, अंडरब्रिज से कलेक्ट्रेट सोन नदी, सोन नदी से सांधा तिराहा बरबसपुर, अंडरब्रिज से चचाई मार्ग, एनएच-43 बकही से सांधा मार्ग बकेली, एनएच-43 बैहाटोला टोल लाजा के पास, एनएच-43 फुनगा, एनएच-43 न्यू डोला मार्ग, राजेन्द्रग्राम तथा अमरकंटक में दल गठित कर अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, लेकिन कलेक्टर की मंशा पर जिम्मेदार लगातार पानी फेर रहे हैं।



## किरर से बड़हर मार्ग के क्षतिग्रस्त स्थलों का हुआ मरम्मत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** किरर से बडहर मार्ग के मध्य अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए मार्ग की पुलियो के स्थल का सोमवार की सुबह विभाग के द्वारा मरम्मत का कार्य प्रारम्भ किया गया। विदित हो कि अनूपपुर तहसील एवं जिला मुख्यालय 17 किलोमीटर दूर शहडोल अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य स्थित किरर गांव से बड़हर की ओर गए पहुंच मार्ग के मध्य वर्षाकाल के दौरान तीन स्थलों की पुलिया एवं मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए रहे जिससे कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना बनी रही है समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत औढेरा सरपंच श्रीमती श्यामबाई सिंह ने जिला प्रशासन एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग अनूपपुर को पत्र लिखकर शीघ्र सुधार कार्य कराए जाने की मांग की रही थी जिस पर जिला प्रशासन अनूपपुर की पहल पर सोमवार की सुबह विभाग के द्वारा क्षतिग्रस्त स्थलों के मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जिससे आवागवन की सुविधा बगैर किसी संभावित दुर्घटना के

## ऊर्जा से आत्मनिर्भरता तक अनूपपुर में न्यू जोन की शुरुआत

# परियोजना की औपचारिक शुरुआत, स्थल पर विकास की गूंज

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के ग्राम रक्सा एवं कोलमी में न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 1320 मेगावाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य ग्रामीणों की सहमति और पूर्ण मुआवजा वितरण के उपरांत प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पांडे और असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सुशीलकांत मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों के बीच परियोजना की औपचारिक शुरुआत की।

### कंपनी की पहल ग्रामीणों की सुविधाएं सर्वोपरि

कंपनी ने परियोजना स्थल पर अधिकृत भूमि में ऑफिस हेतु हिट कंटेनर स्थापित किए हैं, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक स्थायी कार्यालय की भी स्थापना की गई है, जहां ग्रामीणों की सभी शिकायतों और समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सुशीलकांत मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि कंपनी ग्रामीणों की हर सुविधा और हितों का ध्यान रखेगी। यह प्रोजेक्ट केवल



औद्योगिक नहीं, बल्कि सामाजिक विकास का भी माध्यम बनेगा। कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि ग्रामीणों को रोजगार, सुविधा और सम्मान के साथ जोड़कर ही आगे बढ़ा जाए। वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय का संबोधन "न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पूरे मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। रक्सा और कोलमी में भूमि अधिग्रहण प्रभावित किसानों को शत प्रतिशत मुआवजा वितरित कर दिया गया है। किसी भी किसान या ग्रामीण को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कंपनी स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा।

### ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास

मुआवजा प्राप्त करने और पुनर्वास नीति से संतुष्ट ग्रामीणों में परियोजना के प्रति गहरी सकारात्मक भावना है। ग्रामीणों ने कहा कि यह प्रोजेक्ट न केवल बिजली उत्पादन में योगदान देगा, बल्कि क्षेत्र के रोजगार, सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी सुदृढ़ बनाएगा। कई युवाओं ने पहले ही कंपनी के निर्माण कार्यों में रोजगार प्राप्त किया है। परियोजना स्थल पर क्रेन और हिट कंटेनर कार्यालयों की स्थापना, मशीनरी की तैनाती, और कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति ने यह संकेत दे दिया है कि अब अनूपपुर का यह इलाका औद्योगिक विकास के मानचित्र पर चमकने वाला है। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का थर्मल पावर प्रोजेक्ट न केवल अनूपपुर जिले बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए ऊर्जा, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन का नया स्रोत बनेगा। ग्रामीणों की सहमति, कंपनी की पारदर्शी नीति और प्रशासन के सहयोग से यह परियोजना "ग्राम से उद्योग और उद्योग से आत्मनिर्भर भारत" के विज़न को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

## तुलसी कॉलेज से इंदिरा तिराहा तक आयोजित हुई नमो मैराथन

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ छात्र

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि देश को स्वच्छ, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिकों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे भारत में आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान नमो मैराथन का आयोजन हमें स्वस्थ रहने एवं युवाओं में खेल भावना जागृत करने की प्रेरणा देता है। कलेक्टर हर्षल पंचोली जिले के शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर प्रांगण में आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के अंतर्गत आयोजित "नमो मैराथन कार्यक्रम" को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए देश में विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जा रही हैं, उन्हीं में से एक नमो मैराथन है। उन्होंने कहा कि अपने आप को स्वस्थ रखने की भावना पूर्व में ही पैदा की जाए, जिससे प्रत्येक




नागरिक स्वस्थ तथा बीमारियों से मुक्त रहे, जिससे देश का बेहतर विकास हो सके।

### कलेक्टर ने किया शुभारंभ

कलेक्टर हर्षल पंचोली, अपर कलेक्टर दिलीप पांडेय सहित अन्य अधिकारियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत "आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत" की थीम पर आयोजित नमो मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर से प्रारंभ होकर नमो मैराथन सत्र न्यायालय अनूपपुर, तहसील कार्यालय से होते हुए इंदिरा तिराहा पहुंची, जहां दौड़ का समापन हुआ। मैराथन दौड़ में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान नमो मैराथन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. वर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, शिक्षक, आमजन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



## कमिश्नर एवं कलेक्टर ने अनूपपुर में किया पौधरोपण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान अनूपपुर परिसर में आम के पौधे का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रणव कपूर, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सातवें स्वरूप कालरात्रि का हुआ दर्शन-पूजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर बूढी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर शारदा काली मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर बुढानपुर गांव में अन्नपूर्णा देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। भक्तों ने मंत्रोच्चार और जयकारे के साथ मां की आराधना की। जैसे-जैसे शारदीय नवरात्र अंतिम चरण में पहुंच रहा है। भक्तों में आस्था व भक्तिभाव भी चरम पर पहुंचती जा रही है। सोमवार को मंदिर में भोर से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। मंदिर का कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारे लगाये। दोपहर तक भीड़ रही। इस दौरान कई स्थानों पर विशेष पूजा का आयोजन भी किया गया। मंदिरों में मां का भव्य श्रृंगार देख भक्त भाव-विभोर हो उठे। संध्या आरती के दौरान हजारों की संख्या में भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेका। शारदा काली मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों की कतार लगी। सुबह से मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। भोर से ही कालरात्रि देवी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी हूई थी। दर्शन से सारी मुरादें होती है पूरी मां कालरात्रि का भोर में पंचामृत स्नान के बाद अड़हुल, गेंदा और गुलाब के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। मंगला आरती के बाद माता के मंदिर का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने नारियल और चुनरी का प्रसाद चढ़ाकर माता से सौभाग्य की कामना की। पंचायती मंदिर के पुजारी कुंज बिहारी मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन शक्ति की अधिष्ठात्री मां जगदंबा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि के दर्शन पूजन का विधान है। काल का विनाश करने की शक्ति के कारण इन्हें कालरात्रि कहा गया। देवी कालरात्रि का स्वरूप विकराल है लेकिन अत्यंत शुभ है। मान्यता है कि देवी कालरात्रि अकाल मृत्यु से बचाने वाली और भय बाधाओं का विनाश करने वाली हैं।

### पंडालों में उमड़ रही भीड़

नगर के मुखर्जी चौक बस स्टैंड गुरूद्वारा रोड शारदा काली मंदिर गांधी चौक पुराना अस्पताल चौक पुराना स्टेट बैंक चौक रेलवे कॉलोनी बनिया टोला शिशु भारती स्कूल के पास रेस्ट हाऊस रोड तहसील परिसर कॉलेज तिराहा मडिया विकास नगर लहसुई कैंप गोविंदा कालोनी गोविंदा गांव के दुर्गा शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ आनी शुरू हो गई थी यह क्रम देर रात चला रहा। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग पंडालों की आभा देखते ही बन रही है। नवरात्रि पर्व के सातवें दिन भक्तों ने अपने घरों एवं मंदिरों में कन्या पूजन के साथ कन्या भोज करते हुए उन्हें उपहार भेट किया। पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका के द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी है। गांधी चौक में नगर पालिका के द्वारा सहायता केंद्र भी बनाया गया है। कोई अपनी घटना घटित ना हो इसके लिए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल स्वयं पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण देर रात तक कर रहे हैं। नवरात्रि में नगर में एक दर्जन से अधिक जगहों पर पंडाल में झांकियां सजाई गई है। विद्युत व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता लालमणि प्रजापति के द्वारा सब स्टेशन एवं नगर लगे ट्रांसफार्मर के पास विद्युत कर्मचारी की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।